भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2333**

**दिनांक 07.08.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**विद्युत वाहन चार्जिंग स्टेशन की स्थापना**

**2333 श्री संत बलबीर सिंह:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र में स्थापित विद्युत वाहन चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है;

(ख) इन चार्जिंग स्टेशनों का फास्ट चार्जिंग एवं स्लो चार्जिंग श्रेणियों के अनुसार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन्हें स्थापित करने हेतु उत्तरदायी एजेंसियां (सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र या राज्य कार्यान्वयन एजेंसियां) कौन-सी हैं; और

(घ) पंजाब में फेम-I, फेम-II और किसी अन्य केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत स्थापित चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** बीएचईएल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 29.07.2026 की स्थिति के अनुसार देशभर में कुल 52,718 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। स्थापित ईवीसीएस का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(ख):** ईवी चार्जिंग स्टेशनों का फास्ट-चार्जिंग एवं स्लो-चार्जिंग श्रेणियों के अनुसार वर्गीकृत विवरण केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

**(ग):** चार्जिंग स्टेशन की स्थापना लाइसेंस से मुक्त गतिविधि है तथा निजी क्षेत्र की संस्थाएं विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा दिनांक 17 सितंबर, 2024 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर सकती हैं।

फेम-II स्कीम के अंतर्गत कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी एजेंसियां तीन तेल विपणन कंपनियां, नामतः आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल तथा पांच संस्थाएं, नामतः आरईआईएल, सीईएसएल, केएसईबी, एसएमसी एवं पावरग्रिड हैं।

पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत भारत सरकार के मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसई), राज्य/संघ राज्य क्षेत्र तथा उनके अधीन सार्वजनिक उपक्रम भारी उद्योग मंत्रालय को ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पात्र हैं। भारत सरकार के मंत्रालय तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ईवीपीसीएस की मांग का समेकन करने के लिए नोडल एजेंसी/एजेंसियों को नामित कर सकते हैं। ये पात्र संस्थाएं ईवीपीसीएस की स्थापना, प्रचालन एवं अनुरक्षण स्वयं कर सकती हैं अथवा इसके लिए चार्ज प्वाइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) को भी नियुक्त कर सकती हैं।

**(घ):** **फेम-I:** स्कीम के अंतर्गत स्थापित 479 चार्जरों में से पंजाब में कोई भी चार्जर स्थापित नहीं किया गया। तथापि, फेम-I स्कीम के अंतर्गत चंडीगढ़ में 48 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए थे (पीआईबी, दिनांक 19.07.2022)।

**फेम-II:** तीनों ओएमसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 01.07.2026 की स्थिति के अनुसार, फेम-II स्कीम के अंतर्गत पंजाब में कुल 439 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा चंडीगढ़ में 25 ईवीपीसीएस स्थापित किए गए हैं।

**पीएम ई-ड्राइव:** दिनांक 04.08.2026 की स्थिति के अनुसार पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत पंजाब राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******

अनुलग्नक

**दिनांक 29.07.2026 की स्थिति के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों (ईवीसीएस) का विवरण:**

| **क्र. सं.** | **राज्य/यूटी का नाम** | **स्थापित ईवीसीएस की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 9 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,976 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 80 |
| 4 | असम | 630 |
| 5 | बिहार | 1,044 |
| 6 | चंडीगढ़ | 76 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 717 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 32 |
| 9 | दिल्ली | 2,370 |
| 10 | गोवा | 314 |
| 11 | गुजरात | 2,789 |
| 12 | हरियाणा | 2,291 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 256 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 295 |
| 15 | झारखंड | 525 |
| 16 | कर्नाटक | 6,805 |
| 17 | केरल | 3,399 |
| 18 | लद्दाख | 25 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1,959 |
| 21 | महाराष्ट्र | 6,985 |
| 22 | मणिपुर | 72 |
| 23 | मेघालय | 124 |
| 24 | मिजोरम | 40 |
| 25 | नागालैंड | 53 |
| 26 | ओडिशा | 1,055 |
| 27 | पुडुचेरी | 77 |
| 28 | पंजाब | 1,548 |
| 29 | राजस्थान | 2,827 |
| 30 | सिक्किम | 22 |
| 31 | तमिलनाडु | 3,839 |
| 32 | तेलंगाना | 3,739 |
| 33 | त्रिपुरा | 75 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 4,493 |
| 35 | उत्तराखंड | 410 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1,766 |
| **कुल योग** | | **52,718** |

स्रोत : बीएचईएल